पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, शनिवार, 23 अप्रैल 2022

पेज 8


कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ताइक्वांडो विजेताओं को पुरस्कार बांटते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्स के चिकित्सकों सहित 11 पर मुकदमा

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश रू मशीनों की खरीद फरोख्त और निविदा में धांधली करने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एम्स के चार चिकित्सकों सहित 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धांधली के मामले में सीबीआइ की ओर से दो अलग–अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। सीबीआइ की ओर से तीन फरवरी 2022 को एम्स का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान सड़क की सफाई करने वाली मशीन की खरीद में घपलेबाजी पाई गई है। मशीन की खरीद करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी।

### बिजली कटौती के खिलाफ मौन उपवास पर बैठे हरीश रावत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की जनता बिजली की कटौती से परेशान है। कई घंटे हो रहे पावर कट की वजह से लोग गर्मी से हलकान है। इसी मामले पर अब पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। इसके साथ ही उन्होंने शुक्रवार को बिजली व पेयजल संकट के खिलाफ मौन उपवास किया। फेसबुक पोस्ट के जरिए राज्य सरकार पर हमला बोला, कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही की वजह से बिजली संकट पैदा हुआ है। रावत ने अपनी पोस्ट पर लिखा कि ओम शांति–शांति–शांति।

### आय से 375 गुना संपत्ति, हकीकत जान हैरान हुए लोग

**संवाददाता** देहरादून। आय से अधिक संपत्ति के मामले में आईएफएस किशनचंद अच्छे–अच्छे लोगों को पीछे छोड़ दिया। वह एक दो गुना नहीं बल्कि अपनी आय से 375 गुना संपत्ति के मालिक हैं। यह खुलासा उनके खिलाफ चल रही जांच में विजिलेंस ने किया है। उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली गई है। न्यायालय में दाखिल करने से पहले फाइल को अनुमति के लिए केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। जबकि, राज्य सरकार ने अभियोग (मुकदमा) चलाने की अनुमति दे दी है।

### एरिस्का इन्वेस्टमेंट फंड ने रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

**संवाददाता** देहरादून। रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (आरएसटीएल) स्टील ट्यूब्स उद्योग में अग्रणी निर्माता है। कंपनी ने घोषणा की है कि कंपनी के बोर्ड ने प्रमोटर और गैर–प्रमोटर समूह में निर्दिष्ट लोगों को इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय और पूर्ण परिवर्तनीय वारंट जारी करके धन जुटाने की सहमति दी है। कंपनी 3435000 परिवर्तनीय वारंट जारी करेगी, जिनमें से प्रत्येक वारंट धारक द्वारा प्रयोग किए जा सकने वाले अधिकार के साथ प्रत्येक वारंट के खिलाफ एक (1) इक्विटी शेयर की सदस्यता बाद में निर्धारित की जाने वाली कीमत पर होगी।

# बैकअप प्लान न होने पर अफसरों की लगाई क्लास

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में की ऊर्जा विभाग की बैठक

■ जल्द से जल्द बिजली संकट की समस्या का समाधान ढूढ़ा जाय

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में ऊर्जा विभाग की बैठक ली। राज्य में अधिक बिजली कटौती पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जल्द से जल्द बिजली संकट की समस्या का समाधान ढूढ़ा जाय। सचिव ऊर्जा, यूपीसीएल, पिटकुल और यूजेवीएनएल के अधिकारी बिजली संकट की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जा सकता है, इसकी रिपोर्ट शीघ्र मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब औद्योगिक क्षेत्रों एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली संकट की समस्या की शुरूआत उत्पन्न हो रही थी, तब इसके उचित समाधान निकालने के सार्थक प्रयास क्यों नहीं किये गये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की अधूरी तैयारी के साथ बैठक में न आयें। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा की बैठक जल्द दुबारा किये जाने के निर्देश दिये । सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि वे पूरी तैयारी और समस्या के समाधान की पूरी योजना बनाकर ही बैठक में आयें।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में ऊर्जा एवं पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य संस्कृति में सबसे पहले व्यावहारिकता लाई जाए। प्रदेश का विकास हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है। सभी विभाग समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सोलर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य के कई क्षेत्रों से बिजली चोरी की शिकायते आ रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बिजली चोरी की शिकायतों पर संबंधित क्षेत्रों में कार्य कर रहे संबंधित अधिकारियों पर सख्त कारवाई की जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि व्यावहारिक समस्याओं एवं कार्य में आ रही कठिनाइयों के बारे में अवगत कराया जाय। जो समस्याएं आ रही हैं, उनका उचित समाधान निकाला जाय।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, निदेशक उरेडा एवं अपर सचिव श्रीमती रंजना राजगुरू, अपर सचिव इकबाल अहमद, एमडी यूपीसीएल अनिल यादव, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कृषकों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचेगी कृषि एवं बागवानी से सम्बंधित जानकारियां

देहरादून। उत्तराखण्ड के आईसीएआर क्षेत्रीय समिति की 27 वीं बैठक में कृषि एवं बागवानी विभाग उत्तराखण्ड से सम्बन्धित सुझावों एवं समस्याओं पर कृषि मंत्री ने बैठक में अपना पक्ष रखा। यह बैठक वर्चुअल रुप से आयोजित हुई और मंत्री जोशी सहित हिमाचल, जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के कृषि मंत्री एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय पशुपालन, मत्य एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में उगाई जाने वाली स्थानीय फसलों का विशेष महत्व हैं, तथा क्षेत्र विशेष के अनुरूप इन फसलों में विशिष्ट लक्षण ही पाये जाते है। जैसे हर्षिल चकराता व मुनस्यारी की राजमां उत्तरकाशी का लाल धान चकराता एवं नैनीताल का मक्का आदि इन फसलों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन किए जाने की आवश्यकता है। पर्वतीय क्षेत्रों हेतु संकर धान तथा महीन धान प्रजाति विकसित किये जाने की आवश्यकता है।

# कोई भी लाभार्थी विभागीय योजना के लाभ से वंचित ना रहे

**बैठक**

■ मंत्री रेखा आर्या ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि कोई भी पात्र जो योजना का लाभार्थी हो, वे विभागीय योजना के लाभ से वंचित ना रहे, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाएं।



मंत्री ने नारी निकेतन में रह रही मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग महिलाओं के रहन–सहन, स्वास्थ्य और खानपान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नारी निकेतन की व्यवस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये और यह भी कहा कि समुचित मुलभूत सुविधाओं के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य की उचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। मंत्री ने कहा कि नारी निकेतन में रह रही मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग महिलाओं को मंत्री ने नन्दा गौरा योजना के अर्न्तगत वर्ष 2020–21 तथा 2021–22 में छूटे हुए लाभार्थी बालिकाओं को लाभ दिये जाने हेतु आगामी बजट में प्रावधान किये जाने का निर्देश आधिकारियों को दिये।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं को सेनेट्री पैड का वितरण करने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए। मंत्री ने कहा कि पोषण योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले आहार की मात्रा/गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी ना हो पाए।

### कैबिनेट मंत्री ने ताइक्वांडो विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली पब्लिक स्कूल देहरादून में ताइक्वांडो की अंतर विद्यालयी जोनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि मंत्री गणेश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीके सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारंभ योगासन ताइकांडो और नृत्य प्रस्तुतियों से किया गया। इस अंतरविद्यालयी जोनल प्रतियोगिता में दून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर, नजीबाबाद, मेरठ और बिजनौर के क्षेत्र के 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे बीच ऐसे ऊर्जावान व्यक्तियों की उपस्थिति हमारे खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन में अवश्य ही सहायक होती है। साथ ही खेल हमें जीवन में लगातार प्रयास करने के लिए प्रेरित करने का माध्यम होते हैं। लड़कों के 37 किलाग्राम वर्ग में सूजल, कृष्णा तथा अर्पित ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।